चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...अमर उजाला...
दिनांक 1.3.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 5-8

# अर्थव्यवस्था देश की मुख्य ताकत : डॉ. सिंह

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाए जाने का आह्वान किया। कांर्यक्रम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के बायो फिजिक्स विभाग के प्रोफेसर टीपी सिंह मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता एचएयू कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की।

डॉ. टीपी सिंह ने कहा भारतीय वैज्ञानिकों में बहुत क्षमता है और वह निरंतर नया ज्ञान सृजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की मुख्य ताकत उसकी अर्थव्यवस्था और ज्ञान है, जिनको सुदृढ़ बनाने में युवा वैज्ञानिक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों और उनके महत्वपूर्ण आविष्कारों का उल्लेख किया और कहा कि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कालेज की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साथ स्थानीय कई कालेजों और स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के इंस्टीट्यूट इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के प्रोफेसर रमेश चंद्रा व जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर प्रविंद्रा कुमार विशिष्ट अतिथि रहे।



एचएयू में विजेता छात्रा को पुरस्कार देते प्रो. टीपी सिंह व कुलपति केपी सिंह।

### 'अगले 50 वर्ष में मशीन को मानव बनाने पर होगा कार्य'

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि कभी संस्थान भाग्यशाली होते हैं, जिन्हें प्रबुद्ध वैज्ञानिक प्राप्त होते हैं तो कभी वैज्ञानिक भाग्यशाली होते हैं, जिन्हें विख्यात संस्थान में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। मगर वैज्ञानिकों को पूरी निष्ठा से अपना कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में हो रही प्रगति का उदाहरण देते हुये कहा कि पिछले 50 वर्ष मानव मशीन बनाने में जबकि आगामी 50 वर्ष मशीन को मानव बनाने पर कार्य होगा। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उपलब्ध्यिों तथा यहां के वैज्ञानिकों के उत्साह और कर्तव्य निष्ठा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यहां के वैज्ञानिक और विद्यार्थी नवपरिवर्तनकारी तकनीकों को विकसित करने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ा रहे हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए साइंस मॉडल, पोस्टर बनाना, भाषण व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथियों ने इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर बेसिक साइंस कालेज के डीन डॉ. राजवीर सिंह, एचएयू साइंस फॉरम के सचिव डॉ. पाल सिंह भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरि·भूमि....
दिनांक 1.3.2019 पृष्ठ सं. ....10.... कॉलम ....4-8....

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ हकृवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाए जाने का आह्वान किया गया। विवि के बेसिक साइंस कालेज द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साथ स्थानीय कालेजों और स्कूलों के विद्यार्थियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के बायोफिजिक्स विभाग के प्रोफेसर टी. पी. सिंह मुख्य अतिथि थे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की के इंस्टीट्यूट इंस्ट्रूमेंटेशन सैंटर के प्रोफेसर रमेश चन्द्रा व जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफैसर प्रविन्द्रा कुमार इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे।

## नए आविष्कार करें : डॉ. सिंह

मुख्य अतिथि डॉ. टीपी सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विज्ञान के विद्यार्थियों से अपने अध्ययन क्षेत्र में नए आविष्कार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा यदि वह छोटा आविष्कार या डाटा प्राप्त करने में सफल होते हैं तो यह विज्ञान को उनका बहुत बड़ा योगदान होगा क्योंकि यह डाटा अध्ययन के नए रास्ते खोल सकता है। उन्होंने कहा भारतीय वैज्ञानिकों में बहुत क्षमता है और वह निरंतर नया ज्ञान सृजन कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों और उनके महत्वपूर्ण आविष्कारों का उल्लेख किया और कहा कि किसी भी देश की मुख्य ताकत उसकी अर्थव्यवस्था और ज्ञान है जिनको सुदृढ़ बनाने में वैज्ञानिक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## वैज्ञानिक पूरी निष्ठा से कार्य करें : प्रो. सिंह

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि कभी संस्थान भाग्यशाली होते हैं जिन्हें प्रबुद्ध वैज्ञानिक प्राप्त होते हैं तो कभी वैज्ञानिक भाग्यशाली होते हैं जिन्हें विख्यात संस्थान में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है, लेकिन वैज्ञानिकों को पूरी निष्ठा से अपना कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में हो रही प्रगति का उदाहरण देते हुये कहा कि पिछले 50 वर्ष मानव मशीन बनाने में जबकि आगामी 50 वर्ष मशीन को मानव बनाने पर कार्य होगा।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

## विजेता विद्यार्थियों को मिला पुरस्कार

इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए सांइस मॉडल, पोस्टर बनाना, भाषण व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।अतिथियों ने इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व बेसिक साइंस कालेज के डीन डॉ. राजवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में एचएयू साइंस फॉरम के सचिव डॉ. पाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....

दिनांक 1.3.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...1-4...

# हकृवि व गुजवि में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हिसार, 28 फरवरी (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाए जाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के बायोफिजिक्स विभाग के प्रो. टी.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की के इंस्टीच्यूट इंसट्रूमेंटेशन सैंटर के प्रोफैसर रमेश चन्द्रा व जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफैसर प्रविन्द्रा कुमार इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे। मुख्य अतिथि डा. टी.पी. सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विज्ञान के विद्यार्थियों से अपने अध्ययन क्षेत्र में नये आविष्कार करने का आह्वान किया।



*मुख्य अतिथि विजेताओं को पुरस्कार देते हुए।*

कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वैज्ञानिकों को पूरी निष्ठा से अपना कार्य करते रहना चाहिए। प्रो. प्रविन्द्रा कुमार ने विद्यार्थियों से बिना समय गंवाए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. रमेश चन्द्रा ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं की विज्ञान में रुचि जागृत करना है। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसिज एंड टैक्नॉलोजी के सौजन्य से विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सभागार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्रो. बी.के. जिन्दल समारोह के मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसिज एंड टैक्नॉलोजी के अधिष्ठाता प्रो. देवेन्द्र मोहन ने की। इस अवसर पर हुई प्रतियोगिता में बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के अमन, अरुण व योगेश विजेता रहे तथा एम.एस.सी. की डिम्पल, कुलदीप व विक्रम उपविजेता रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक ...1.3.2019... पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...3-4...

कार्यक्रम • एचएयू में गुरुवार को बेसिक साइंस कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी

# पिछले 50 वर्ष मानव मशीन बनाने में तो आगामी 50 वर्षों में मशीन को मानव बनाने पर होगा कार्य : वीसी

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू में गुरुवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाए जाने का आह्वान किया गया। बेसिक साइंस कॉलेज के इस कार्यक्रम में एचएयू के साथ स्थानीय कॉलेजों और स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के बायोफिजिक्स विभाग के प्रोफेसर टीपी सिंह मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. केपी सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की के इंस्टीट्यूट इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के प्रो. रमेश चन्द्रा व जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. प्रविन्द्रा कुमार इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रहे।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हो रही प्रगति का उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले 50 वर्ष मानव मशीन बनाने में जबकि आगामी 50 वर्ष मशीन को मानव बनाने पर कार्य होगा। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए साइंस मॉडल, पोस्टर बनाना, भाषण व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। उपरोक्त अतिथियों ने इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।



एचएयू में विज्ञान दिवस पर गुरुवार को मुख्य अतिथि आईआईटी रुड़की के प्रो. टीपी सिंह विजेताओं को पुरस्कार देते हुए साथ में कुलपति प्रो. केपी सिंह।

## एक्सपर्ट बोले : छोटा आविष्कार या डेटा भी देता है बड़ा योगदान

डॉ. टीपी सिंह ने कहा कि हमें आविष्कार करने रहना चाहिए, यदि वह छोटा आविष्कार या डेटा प्राप्त करने में सफल होते हैं तो यह विज्ञान को उनका बहुत बड़ा योगदान होगा। क्योंकि यह डेटा अध्ययन के नये रास्ते खोल सकता है। भारतीय वैज्ञानिकों में बहुत क्षमता है और वह निरंतर नया ज्ञान सृजन कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों और उनके महत्वपूर्ण आविष्कारों का उल्लेख किया। उन्होंने रोगों की उत्पत्ति में कमजोर प्रतिरोधक क्षमता पर प्रकाश डाला। प्रो. प्रविन्द्रा कुमार ने विद्यार्थियों से बिना समय गंवाए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इससे वह प्रत्येक लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक 1.3.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...2-7...

# व्यावसायिक कृषि और जैविक खेती अपनाने की दी सलाह

## बरवा गांव में गेहूं खेत दिवस का आयोजन, कार्यक्रम में 120 किसानों और 30 वैज्ञानिकों ने लिया भाग

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अंतर्गत डॉ. रामधन सिंह की ओर से गेहूं की विभिन्न प्रौद्योगिकी की जानकारी देने के लिए वीरवार को गांव बरवा, सिवानी में गेहूं खेत दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 120 किसानों और 30 वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ. बीआर कंबोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने किसानों को आय को दोगुना करने के लिए फसलों के विपणन मुद्दों पर ध्यान देने और किसानों को व्यावसायिक कृषि और जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस गांव के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के निकट होने के कारण किसानों को यहां के वैज्ञानिकों से नवीनतम कृषि तकनीकों व महत्वपूर्ण जानकारियों का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई गेहूं और अन्य फसलों की विभिन्न नवीनतम किस्मों में भी रुचि ली। इस अवसर पर जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. आईएस पंवार ने मुख्य अतिथि, वैज्ञानिकों और किसानों का स्वागत किया। सहायक्र गेहूं वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने गेहूं की विभिन्न किस्मों की खेती के बारे में चर्चा की।

एग्रोनॉमी विभाग के अध्यक्ष डॉ. समुंदर सिंह ने किसानों को गेहूं में खरपतवारों की समस्या और उनके प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जबकि दलहन अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. एके छाबड़ा ने दलहन प्रजनन के बारे में किसानों को जानकारी दी।

### प्रश्न सत्र का किया गया आयोजन

इस मौके पर एक प्रश्न सत्र भी आयोजित किया गया, जिसके दौरान किसानों से खेती संबंधी प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले किसानों को मुख्य अतिथि डॉ. बीआर कंबोज ने पुरस्कार प्रदान किए। समारोह के अंत में गेहूं अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. एसके सेठी ने अतिथियों व किसानों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



किसान को पुरस्कार प्रदान करते मुख्य अतिथि डॉ. बीआर कंबोज।

समाचार-पत्र का नाम पंजाब केसरी, हरि. भूमि
दिनांक 1.3.2019 पृष्ठ सं. 4, 12 कॉलम 1, 1-2

# वैज्ञानिकों ने गेहूं की फसल बारे दी जानकारी

हिसार, 28 फरवरी (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अंतर्गत डा. रामधन सिंह चेयर द्वारा गेहूं की विभिन्न प्रौद्योगिकियों की जानकारी देने के लिए गांव बरवा, सिवानी, में गेहूं खेत दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 120 किसानों और 30 वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डा. बी.आर. कम्बोज मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में सहायक गेहूं वैज्ञानिक डा. ओ.पी. बिश्नोई ने विभिन्न परिस्थितियों में गेहूं की विभिन्न किस्मों की खेती के बारे में चर्चा की।

# 'किसान व्यवसायिक कृषि व जैविक खेती अपनाएं'

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अंतर्गत डॉ. रामधन सिंह चेयर द्वारा गेहूं की विभिन्न प्रौद्योगिकियों की जानकारी देने के लिए गांव बरवा, सिवानी, में गेहूं खेत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 120 किसानों और 30 वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि थे। डॉ. कंबोज ने उन्हे आय को दोगुना करने के लिए फसलों के विपणन मुद्दों पर ध्यान देने और किसानों को व्यवसायिक कृषि और जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस किसानों को यहां के वैज्ञानिकों से नवीनतम कृषि तकनीकों का पूरा लाभ उठाना चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नभ-छोर......

दिनांक 28.2.2019. पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...1-3...

# हकृवि ने किया गेहूं खेत दिवस का आयोजन

हिसार/28 फरवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अंतर्गत डॉ. रामधन सिंह चेयर द्वारा गेंहू की विभिन्न प्रौद्योगिक्रियों की जानकारी देने के लिए गांव बरवा, सिवानी, में गेहूं खेत दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 120 किसानों और 30 वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि थे। डॉ. कंबोज ने किसानों को संबोधित करते हुए उन्हें आय को दोगुना करने के लिए फसलों के विपणन मुद्दों पर ध्यान देने और किसानों को व्यवसायिक कृषि और जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस गांव के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के निकट होने के कारण किसानों को यहां के वैज्ञानिकों से नवीनतम कृषि तकनीकों व महत्वपूर्ण जानकारियों का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई गेहूं और अन्य फसलों की विभिन्न नवीनतम किस्मों में भी रुचि ली। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष डॉ. आईएस पंवार ने मुख्य अतिथि, वैज्ञानिकों और किसानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सहायक गेहूं वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने विभिन्न परिस्थितियों में गेहूं की विभित्र किस्मों की खेती के बारे में चर्चा की। एंग्रोनॉमी विभाग के अध्यक्ष डॉ. समुंदर सिंह ने किसानों को गेहूं में खरपतवारों की समस्या और उनके प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जबकि दलहन अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. एके छाबड़ा, ने दलहन प्रजनन के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस मौके पर एक प्रश्न सत्र भी आयोजित किया गया, जिसके दौरान किसानों से खेती संबंधी प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले किसानों को मुख्य अतिथि डॉ. बीआर कम्बोज ने पुरस्कार प्रदान किए। समारोह के अंत में गेंहू अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. एसके सेठी ने अतिथियों व किसानों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हैलो हिसार......
दिनांक 28·2·2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....6-8....

# हकृवि ने विभिन्न गांवों में खेत दिवस का आयोजन किया



हिसार: 28 फरवरी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अंतर्गत डॉ. रामधन सिंह चेयर द्वारा गेंहू की विभिन्न प्रौद्योगिकियों की जानकारी देने के लिए गांव बरवा, सिवानी, में गेहूं खेत दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 120 किसानों और 30 वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ. बी.आर. कम्बोज मुख्य अतिथि थे।

डॉ. कंबोज ने किसानों को संबोधित करते हुए उन्हे आय को दोगुना करने के लिए फसलों के विपणन मुद्दों पर ध्यान देने और किसानों को व्यवसायिक कृषि और जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस गाँव के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के निकट होने के कारण किसानों को यहां के वैज्ञानिकों से नवीनतम कृषि तकनीकों व महत्वपूर्ण जानकारियों का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई गेहूं और अन्य फसलों की विभिन्न नवीनतम किस्मों में भी रुचि ली। इस अवसर पर जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. आई.एस. पंवार ने मुख्य अतिथि, वैज्ञानिकों और किसानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सहायक गेहूं वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने विभिन्न परिस्थितियों में गेहूं की विभिन्न किस्मों की खेती के बारे में चर्चा की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....सिटी पल्स....

दिनांक 28.2.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-4....

कार्यक्रम कार्यक्रम में 120 किसानों और 30 वैज्ञानिकों ने लिया भाग

# हकृवि के रामधन सिंह चेयर द्वारा विभिन्न गांवों में दी गई गेहूं की प्रौद्योगिक जानकारी

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अंतर्गत डॉ. रामधन सिंह चेयर द्वारा गेहूं की विभिन्न प्रौद्योगिकियों की जानकारी देने के लिए गांव बड़वा, सिवानी में गेहूं खेत दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 120 किसानों और 30 वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि थे।



हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. बीआर कम्बोज किसान को पुरस्कार देते हुए।

डॉ. कंबोज ने किसानों को संबोधित करते हुए उन्हें आय को दोगुना करने के लिए फसलों के विपणन मुद्दों पर ध्यान देने और किसानों को व्यवसायिक कृषि और जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई गेहूं और अन्य फसलों की विभिन्न नवीनतम किस्मों में भी रुचि ली। इस अवसर पर जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. आईएस पंवार ने मुख्य अतिथि, वैज्ञानिकों और किसानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सहायक गेहूं वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने विभिन्न परिस्थितियों में गेहूं की विभिन्न किस्मों की खेती के बारे में चर्चा की। एग्रोनॉमी विभाग के अध्यक्ष डॉ. समुंदर सिंह ने किसानों को गेहूं में खरपतवारों की समस्या और उनके प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जबकि दलहन अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. ए.के. छाबड़ा, ने दलहन प्रजनन के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस मौके पर एक प्रश्न सत्र भी आयोजित किया गया, जिसके दौरान किसानों से खेती संबंधी प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले किसानों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार प्रदान किए। समारोह के अंत में गेहूं अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. एसके सेठी ने अतिथियों व किसानों का धन्यवाद ज्ञापित किया।